# दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन | मुरादाबाद से प्रकाशित

वर्षः- 05
अंकः- 179
मुरादाबाद
(Monday)
20 October 2025
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड












## अयोध्या में लगातार नौवीं बार दीपोत्सव का आयोजन, तस्वीरों में देखें भव्य रामनगरी की निराली छटा

राम की नगरी अयोध्या में लगातार नौवीं बार भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 29 लाख दीयों से अयोध्या जगमगा उठी।राम की नगरी अयोध्या दीपोत्सव के अवसर पर 29 लाख दीयों की रोशनी से दमक उठी।

राम की पैड़ी का कोना-कोना जगमगा उठा। इस दौरान पूरी दुनिया ने अयोध्या का एक ऐसा मोहक रूप देखा जो कि उनके मानस पटल पर सदैव के लिए अंकित हो गया।









राम की नगरी में लगातार नौंवी बार दीपोत्सव का आयोजन किया गया जिसकी भव्यता को पूरी दुनिया ने देखा और कहा कि अब अयोध्या अपने चमकदार वर्तमान से रूबरू हो रही है। दीपोत्सव पर अयोध्या के नाम दो विश्व कीर्तिमान दर्ज हुए। पहले में राम की पैड़ी के 56 घाटों पर 26. 11 लाख दीये जलाए गए। (राम की पैड़ी का विहंगम दृश्य।)ड्रोन से दीपों की गणना के बाद गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से स्वप्निल दंगारीकर व कंसल्टेंट निश्चल बरोट ने नए कीर्तिमान की घोषणा की।यह लगातार नौवीं बार विश्व रिकॉर्ड बना है।

सीएम योगी आदित्यनाथ, प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित भाजपा सरकार के अन्य मंत्री व पार्टी पदाधिकारी इस अद्भुत व अविस्मरणीय क्षण के साक्षी बने। (राम की पैड़ी पर शानदार प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया।)वहीं दूसरा रिकॉर्ड सरयू आरती का रहा, जिसमें एक साथ 2100 वेदाचार्यों ने हिस्सा लिया। यह अनूठा रिकॉर्ड योगी सरकार ने दूसरी बार हासिल किया है। दीपोत्सव के इस दुर्लभ दृश्य को देखने के लिए देश के कोने-कोने से लोग उमड़े। बड़ी संख्या में लोग यहां मौजूद रहे। दीपोत्सव के बाद यहां भव्य आतिशबाजी और ड्रोन शो हुआ।अयोध्या में दीपोत्सव का आयोजन।अयोध्या स्थित राम की पैड़ी का विहंगम दृश्य।




































संपादकीय Editorial

# Traffic Indecency

How the HRTC bus became a missile in Una is even more concerning: how such mischief permeated every aspect of traffic control in the state. The bus, on its way to Shimla, razed its destination in Una itself, so one must acknowledge the reign of speed on the roads. If 575 people died on the roads in Himachal in the past nine months, the stigma of this story could be present anywhere. Those who died often tarnished the transport landscape in the name of speed. Speed ??isn't a single category, but rather encompasses commercial competition, youthful enthusiasm, and a nexus of the transport mafia. There are no traffic rules or traffic patrols across the state. The surprising thing is that the HRTC bus driver lost control of his duties. A major accident was a saving grace, otherwise, what would have happened to the 32 passengers? Transportation has now become a means of displaying social status, a major source of income, and commercial growth, far beyond necessities. The lessons of Una relate to the code of conduct, norms, and rules of transportation, where the dominance of government employment has become a demon. Even if the HRTC management were to strip such drivers of their jobs, it would send a message about passenger safety. Some messages should also be attached to driving licenses, with penalties for such negligence, including cancellation. There are many reasons for the increasing speed in Himachal's transportation, which must be addressed at various levels. Route permits across the state are bound by such timetables that every private bus is determined to earn money by violating traffic rules to reach its destination. Such vagrancy in private buses often causes inconvenience to the public. One or the other private transport company in the state has created a social media following for road accidents. When you name a bus accident, the public associates it with that bus company. Speed ??is synonymous with taxis, which not only disrespect tourism but also flout traffic rules with their indecent speed. In particular, urban traffic is rife with traffic chaos at every turn, with two-wheeler drivers neither ceding left nor right. Furthermore, hit-and-run incidents are on the rise. Pedestrians are becoming the biggest victims of road insecurity. In Una, a bus was turned into a missile, breaching the four-lane road's boundaries. Transportation on single-lane roads is proving even more dangerous. CCTV cameras are certainly alerting some important cities and roads, but in this new era of transportation frenzy, Himachal will now have to step up its road vigilance. It's a seemingly impossible goal for a single constable to achieve. Traffic control, patrolling, and road etiquette will require a complete overhaul of transportation practices. Whether it's the Atal Tunnel or the speed of vehicles on the widening road from Una, every guidance system will require a fresh approach and decisiveness.

KYUN NA LIKHUN SACH

हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश ,
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की

सम्पर्क करे-9027776991

# Politics is becoming less ideological; political parties that field anyone as candidates are doing injustice to their workers.

Once, the BJP used to talk about conduct, character, and face, distinguishing itself from others. Now, it no longer does so. While the BJP still shares an ideology with the communist parties, even Congress members themselves cannot identify the ideology of the Congress. Political parties in Bihar are in the news these days not only because of seat-sharing but also because their leaders are rapidly changing sides. Counting them is difficult because every day, a leader from one party or another is leaving their party. These defectors include MLAs, former MLAs, former MPs, and other office-bearers. Some have joined other parties, while others are preparing to do so. In this era of defections, some leaders are also defecting because they want to field their sons and daughters in the elections. Those who are abandoning their parties are also declaring that their party is no longer the same. It has become hostile to a particular caste and community, and its leaders are surrounded by sycophants. Since no one asks them when they remembered all this, they don't tell. Along with opportunistic and turncoat leaders in Bihar, some singers and actors are also in the news because they are preparing to contest elections. One of these is Pawan Singh and the other is Maithili Thakur.



Recently, Pawan Singh met Home Minister Amit Shah. The BJP had fielded him from Bengal in the Lok Sabha elections. He was preparing to contest from Asansol when the Trinamool Congress attacked him, citing some of his obscene songs. As a result, the BJP hesitated, and Pawan Singh himself refused to contest. With this, his loyalty to the BJP vanished, and he contested as an independent from Karakat, Bihar. Not only did he lose the election himself, he also defeated BJP candidates in Karakat and other Lok Sabha constituencies. As the Assembly elections approached, his love for the BJP surged again. When he met the Home Minister, it was said that he had returned home. He replied, "When did he ever leave the BJP?" Subsequently, when his wife launched a campaign against him, news came that he had refused to contest the elections. While saying this, he also stated that he was a true soldier of the BJP. Can this be believed? There is talk of fielding folk singer Maithili Thakur as a BJP candidate from Alinagar, Darbhanga. As a result, the BJP MLA from Alinagar announced his departure from the party. There is nothing wrong with artists like Pawan Singh or Maithili Thakur, or current or outgoing bureaucrats, contesting elections. However, when they suddenly enter the fray, they dash the hopes of potential candidates for the party they represent. Often, such leaders either rebel, engage in sabotage, or become inactive. Furthermore, a segment of party workers who dream of becoming leaders and eventually contesting elections are disheartened. All parties equally work to shatter the dreams of such workers. They justify their decision to field anyone from anywhere by claiming that they have to bet on winning candidates. This argument is often hollow, as it is often turncoats, politicians' sons, or those who suddenly become candidates from areas outside of politics who lose elections. This argument also exposes the so-called internal surveys conducted by the parties, which attempt to show that ticket decisions are based on the opinions of the area's workers and voters. After all, how can voters or workers support fielding people they have never heard of as potential candidates? This situation is arising because ideology is becoming less important in today's politics, and party loyalty has lost all significance. The last Lok Sabha elections demonstrated how leaders who frequently criticized the BJP or Congress or who had no ideologies in common with their party's candidates became their own. Ideology is now the oil used to add any desired pickle. The negative impact of this is not only that politics is becoming ideology-less, but also that there is less and less room for morality and integrity. Political parties cannot blame anyone but themselves for this. The BJP once spoke of conduct, character, and face, distinguishing itself from others. Now it no longer does so. While the BJP is still an ideological party like the communist parties, even Congress members themselves cannot identify the ideology of the Congress. There are many parties, like the Aam Aadmi Party, that lack any ideology. They are focused solely on the sole idea of ??winning elections. It is no wonder that the common people are becoming disinterested in politics. Can politics that breeds disinterest benefit the country? No.

# Air pollution is a concern, and emphasis should be placed on addressing all causes.

The country is not limited to Delhi and its surrounding areas. It is no secret that air pollution has begun to rise in other parts of the country, especially in many areas of North India. Air pollution should not be a concern only during the winter season. Given the air pollution problem in a large part of the country, it is essential to address it year-round. The Supreme Court allowed the use of green crackers on Diwali in Delhi-NCR, subject to certain conditions. In support of its decision, it stated that a balanced approach must be adopted to protect the interests of both industry and the environment. Such a decision was expected because, some time ago, the Supreme Court had allowed the use of green crackers in Delhi-NCR. Those seeking permission to use green crackers will be encouraged by the Supreme Court's decision, but environmentalists will be concerned. Their concern is understandable, as there are concerns about whether the conditions under which the Supreme Court permitted green firecrackers will be properly followed. Secondly, traditional firecrackers may also be sold under the guise of green firecrackers. It's true that the Supreme Court has ordered an investigation to ensure that only green firecrackers are sold, but it's doubtful whether this will be done properly. Green firecrackers were permitted because they pollute the environment less, but it's difficult to say whether the quality of green firecrackers manufactured and sold is truly environmentally friendly. It's true that air pollution isn't solely caused by firecrackers, but environmentalists, along with society as a whole, must consider how to ensure limited and restrained use of firecrackers. The Supreme Court's decision to allow green firecrackers in Delhi-NCR, also indicates that it shouldn't be solely concerned with air pollution in this region. Delhi and its surrounding areas aren't the country. It's no secret that air pollution has begun to rise in other parts of the country, especially in many areas of North India. Air pollution shouldn't be a concern only during the winter season. Given the prevalence of air pollution in large parts of the country, it's essential to address it year-round. Emphasis should be placed on addressing all causes of air pollution. Currently, this isn't happening. Sometimes stubble burning is blamed for air pollution, sometimes firecrackers. Other causes of air pollution include vehicle emissions, dust from roads and construction sites, and factory emissions. In winter, the practice of burning leaves along with garbage also becomes prevalent. It would be beneficial to continuously strive to address all causes of pollution, with society's participation.



# उदीपावली के शुभ अवसर पर सैंण्ट जॉन्स स्कूल में दिवाली का संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच / अमरोहा/ कस्बा हसनपुर में मोहल्ला मनापुर के नजदीक वर्षों पुराना सैंण्ट जॉन्स स्कूल स्थापित है इस स्कूल की मर्यादा बच्चों के लिए सही दिशा लेकर काफी सही रास्ते व शिक्षा को अपनी मीठी बोली बना लेते हैं हर वर्ष उत्साहित रहते हैं और वाणी से बच्चों को अपना हैं आज दिनांक कार्यक्रम को बखूबी मनाते 18- 10-2025 को हसनपुर नगर में सैंण्ट जॉन्स स्कूल में दीपावली का संस्कृतिक कार्यक्रम किया गया जिसमें हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया नन्हे मुन्ने बच्चे एकता का प्रतीक बने तथा स्कूल के मैनेजमेंट ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और दीपावली के संदर्भ में अंधेरे पर प्रकाश की जीत के विषय में बताया इस कार्यक्रम एक




अद्भुत बच्चों का कार्यक्रम देखने को मिला जिस भाई या अभिभावक ने यह कार्यक्रम दिखा खुशी का ठिकाना ना रहा इस मौके पर समस्त स्टाफ डेबरा मसीह, राखी मसीह, सुशील मसीह, ज्योति, मुस्कान, सीमा, पिंकी, मांजू, इकरा परवीन, इत्यादि मौजूद रहै

# मोटा मुनाके के चक्कर में कांस्टेबल ने गंवाए 20 लाख, दुबई में बैठा है ठग, जम्मू कश्मीर में हुई थी मीटिंग

दुबई में बैठे ठग गुरमीत सिंह ने मोटा मुनाफा होने का झांसा देकर हेड कांस्टेबल ओमेंद्र सिंह कुमार से 20 लाख रुपये ठग लिए। ओमेंद्र सिंह से अपनी रकम और मुनाफे के लिए संपर्क करना चाहा तो आरोपी ने कॉल रिसीव नहीं की।पीड़ित ने सिविल लाइंस थाने में गुरमीत सिंह और उसकी सहयोगी मुस्कान चौधरी व दो खाताधारकों पर केस दर्ज कराया है। सिविल लाइंस के प्रेमनगर मोरा की मिलक निवासी ओमेंद्र कुमार एसपीआर कार्यालय में तैनात हैं।उन्होंने बताया कि उनके मित्र विजय कुमार एसएसबी में कांस्टेबल हैं। दिसंबर 2023 में वह अपने मित्र से मिलने जम्मू कश्मीर गया था। वहां जूम मीटिंग के जरिए दोस्त ने गुरमीत सिंह से मुलाकात कराई थी। तब बताया गया कि जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले के राजबाग हरीनगर निवासी गुरमीत सिंह भी पहले एसएसबी में नौकरी करता था लेकिन 2018 में नौकरी छोड़ने के बाद उसने दुबई में दो कंपनियां खोल ली है। गुरमीत ने उन्हें लालच दिया कि वह कंपनी में भारत के लोगों की रकम लगवाकर उन्हें ही फायदा पहुंचाना चाहता है। गुरमीत और उसकी सहयोगी मुस्कान चौधरी ने खाते नंबर बताए जिसमें ओमेंद्र कुमार ने 25 बार में बीस लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। उन्होंने यह रकम लोन और अपने रिश्तेदारों से उधार लेकर जमा की थी। पीड़ित को जब कोई लाभ नहीं मिला तो उन्होंने अपनी रकम वापस मांगने के लिए कॉल की। तब आरोपी ने उन्हें बताया कि किसी ने साइट हैक कर ली है। इसके बाद आरोपियों ने कॉल रिसीव करनी बंद कर दी। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस इस मामले में विवेचना कर साक्ष्य जुटा रही है।

# विधि की पढ़ाई करेंगे पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, एलएलबी में लिया दाखिला

पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने मुजफ्फरनगर में एक स्थानीय कॉलेज में विधि स्नातक ( प्रथम वर्ष ) में दाखिला लिया है। बालियान ने रविवार को खुद इसकी पुष्टि की। संजीव बालियान ( 53 ) मुजफ्फरनगर निर्वाचन क्षेत्र से 2014 और 2019 में दो बार सांसद चुने गए थे और वह नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की पिछली सरकार में केंद्र में राज्यमंत्री भी रहे। पूर्व केंद्रीय मंत्री बालियान ने कहा कि उन्होंने कानूनी योग्यता प्राप्त करने के लिए एक स्थानीय कॉलेज में एलएलबी (बैचलर आफ लॉ) प्रथम वर्ष की कक्षा में दाखिला लिया है।बालियान अगस्त माह में हुए 'कांस्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया' के चुनाव में शामिल होने के बाद सुर्खियों में आ गए थे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राजीव प्रताप रूडी ने 'कांस्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया' के प्रबंधन में 25 साल से अधिक के प्रभुत्व को बरकरार रखते हुए अपनी ही पार्टी के नेता संजीव बालियान को अगस्त के पहले पखवाड़े में हुए सबसे कड़े चुनाव में से एक में हरा दिया था। सचिव (प्रशासन) के महत्वपूर्ण पद के लिए रूडी को 391 वोट मिले, जबकि बालियान को 291 वोट मिले थे।

# संभल में युवक की निर्मम हत्या: सिर और चेहरा बुरी तरह से कुचला, फोड़ दी आंख, हाईवे किनारे झाड़ियों में फेंका शव

संभल में युवक की हत्या कर शव हाईवे किनारे झाड़ियों में फेंक दिया गया। पुलिस मामले की जांच और युवक की पहचान करवा रही है। मृतक का सिर व चेहरा बुरी तरह कुचले गए हैं।मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर गांव आटा स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन के पास रविवार को झाड़ियों में अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। सिर व चेहरा बुरी तरह कुचले थे।सूचना पर एएसपी कुलदीप सिंह व सीओ मनोज कुमार ने भी घटनास्थल पर जाकर जांच की। पुलिस का कहना है कि हत्या के बाद शव यहां फेंका गया है।गांव आटा के पास राधा स्वामी सत्संग भवन के सामने रविवार को झाड़ियों में युवक का क्षत-विक्षत शव पड़ा देखकर राहगीर एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनोज कुमार वर्मा पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी।आसपास तलाश करने पर पुलिस को शव के पास खून से सना जूट का बैग व ऊनी बेडशीट पड़ी मिली। घटनास्थल पर संघर्ष के निशान नहीं मिले, जिससे प्रतीत होता है कि हत्या किसी दूसरी जगह करने के बाद शव यहां पर फेंका गया है। युवक नीले रंग का अंडरवियर और पीले रंग की शर्ट पहने था। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी- हाईवे किनारे झाड़ियां में मिले अज्ञात युवक के शव की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं। हाईवे किनारे आटा मॉल से लेकर मझावली मील तक लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की गहनता से जांच की जा रही है। शनिवार की रात 12 बजे से लेकर सुबह चार बजे के मध्य हाईवे पर सीसीटीवी कैमरे की जद में आए सभी संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। रंजिश या अवैध संबंधों में हत्या होने का अनुमान- पुलिस का कहना है कि घटनास्थल और शव के हालातों से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि युवक की हत्या अवैध संबंधों में की गई है। क्योंकि युवक के सिर से लेकर पेट तक गहरे निशान मिले हैं। हत्यारों ने युवक की एक आंख तक फोड़ दी है। बनियाठेर क्षेत्र में हाईवे किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिला है। घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी की है। युवक की शिनाख्त कराने के लिए पुलिस टीमें लगा दी गई हैं। शिनाख्त होने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी। -कुलदीप सिंह, एएसपी, संभल।



# सपा विधायक इकबाल महमूद के बयान पर बवाल, भड़के ई-रिक्शा चालकों का प्रदर्शन, फोटो पर लगाया क्रॉस का निशान


सपा विधायक इकबाल महमूद के बयान रिक्शा चालक का बेटा रिक्शा चलाता है पर चालकों में भारी रोष फैल गया। विधायक के खिलाफ ई-रिक्शा चालकों ने संभल में प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि विधायक को माफी मांगनी चाहिए।सपा विधायक इकबाल महमूद के बयान रिक्शा चालक का बेटा रिक्शा चलाता है...पर ई-रिक्शा चालकों ने रोष है। रविवार को ई-रिक्शा चालकों ने फ्लैक्सी दिखाकर विधायक के फोटो पर क्रॉस का लाल निशान लगाया और माफी मांगने की मांग की। साथ ही लिखा कि रिक्शा वालों का अपमान नहीं सहेगी संभल की आवाम।रविवार को मुशीर खां तरीन के नेतृत्व में ई-रिक्शा चालकों ने लाडम सराय से चौधरी सराय तक विधायक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ई-रिक्शा चालकों ने कहा कि रिक्शा चलाने वालों के बच्चे आईएएस, आईपीएस, इंजीनियर, डॉक्टर व जज हैं।कहा कि विधायक ने गरीब रिक्शा चालकों का अपमान किया है। उन्हें मांफी मांगनी चाहिए। मुशीर खां तरीन ने कहा कि इकबाल महमूद को सात बार विधायक बनाने में रिक्शा चलाने वाले लोगों का भी योगदान है। इसके बाद भी इनका अपमान किया गया है। कहा कि वह कैसे किसी गरीब का अपमान कर सकते हैं। देश में तमाम हस्तियां गरीब परिवारों से जुड़ी हैं, जिनके पिता कुछ न कुछ करते थे। ऐसे भी कई उदाहरण हैं, जिसमें पिता ने रिक्शा चलाया और बेटा अधिकारी बन गया। इस दौरान जीशान खां, बब्बू खां, कलीम खां समेत काफी लोग मौजूद रहे। सपा विधायक ने क्या कहा था सपा विधायक ने मीडिया से बातचीत के दौरान बेटे के चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा था कि उनके बेटे को शहर के युवा काफी पसंद करते हैं। परिवारवाद की राजनीति के सवाल पर विधायक ने कहा था कि डॉक्टर का बेटा डॉक्टर बनता है। इंजीनियर का बेटा इंजीनियर बनता है और रिक्शा चलाने वाले का बेटा रिक्शा चलाता है। इसी तरह राजनीतिक व्यक्ति का बेटा भी राजनीति ही करता है। इस बयान के बाद से ही शहर में जगह-जगह विरोध किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर भी प्रतिक्रियाएं दी जा रही हैं।



## संक्षिप्त समाचार

# मेडिकल स्टोरों की मनमानी पर सवाल वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता को नहीं मिली डॉक्टर द्वारा लिखी दवा, जांच की मांग तेज

क्यूँ न लिखूँ सच / अमरोहा/ उत्तर प्रदेश>जिला अमरोहा के हसनपुर । नगर के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अली अहमद सैफी पिछले एक महीने से क्लोना प्लस टैबलेट के लिए हसनपुर के मेडिकल स्टोरों पर भटक रहे हैं, लेकिन उन्हें अब तक यह दवा नहीं मिल सकी। यह दवा एमबीबीएस, एमडी डॉक्टर द्वारा पूर्व में जारी पर्चे के आधार पर लिखी गई थी, इसके बावजूद स्थानीय निजी मेडिकल संचालकों ने मरीज को दवा देने से मना कर दिया। मरीज अली अहमद सैफी का कहना है कि उन्होंने हसनपुर के लगभग सभी प्रमुख मेडिकल स्टोरों पर संपर्क किया, लेकिन किसी ने भी यह दवा नहीं दी। जब उन्होंने एक संचालक से कारण पूछा तो उसने बताया कि 卐ड्रग्स इंस्पेक्टर द्वारा इस दवा पर 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाए जाने की चेतावनी दी गई है। सैफी का कहना है कि यह स्थिति बेहद विडंबनापूर्ण है, क्योंकि हसनपुर के कई मेडिकल स्टोरों पर ऐसी अवैध और प्रतिबंधित दवाएं खुलेआम बेची जा रही हैं, जिन पर किसी भी प्रकार की निगरानी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक और दवा निरीक्षण विभाग की निष्क्रियता के कारण कई दवाएं बिना पंजीकरण या लाइसेंस के ही बाजार में उपलब्ध हैं, जबकि जरूरतमंद मरीजों को आवश्यक दवा नहीं मिल पा रही है।स्थानीय सामाजिक संगठनों ने भी इस प्रकरण को गंभीर बताया है। उनका कहना है कि अगर सीएचसी प्रभारी डॉक्टर द्वारा लिखी वैध दवा मरीज को नहीं दी जा रही है, तो यह स्वास्थ्य विभाग की निगरानी प्रणाली पर सवाल उठाता है।स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के अनुसार, दवाओं की उपलब्धता और वितरण पर समय-समय पर जांच की जाती है, और यदि किसी मेडिकल स्टोर पर नियमों का उल्लंघन पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी।> स्वास्थ्य अधिकारी का कहना है किसी भी मेडिकल स्टोर को वैध दवा बेचने से रोका नहीं जा सकता। अगर कोई संचालक डॉक्टर द्वारा लिखी दवा नहीं दे रहा है, तो शिकायत मिलने पर जांच की जाएगी और आवश्यक कार्रवाई होगी वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अली अहमद सैफी ने ड्रग्स इंस्पेक्टर और स्वास्थ्य विभाग से मेडिकल स्टोरों की जांच की मांग की है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि आखिर किस आधार पर मरीजों को वैध दवाओं से वंचित किया जा रहा है, जबकि अवैध दवाओं की बिक्री बेखौफ जारी है







## सूचना

प्रिय सुधि पाठको दीपावली के उपलक्ष में कार्यालय का 3 दिवस का अवकाश रहेगा अब आपको अगला अंक 23/10/2025 को प्राप्त हो सकेगा

# दीपावली की पूर्व संध्या पर खूब हुई पटाखों की बिक्री...अनार, फुलझड़ी, रॉकेट पहली पसंद

दीपों का पर्व दीपावली नजदीक आते ही कांठ क्षेत्र पूरी तरह रोशनी से नहा उठा। दीपावली की पूर्व संध्या पर नगर की गलियां, बाजार और घर रंग-बिरंगी लाइटों और दीपों से जगमगाते नजर आए। नागरिकों ने अपने-अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों को आकर्षक लाइटों, झालरों, रंगोली और फूलों से सजाकर उत्सव का माहौल बना दिया।शाम ढलते ही पूरे नगर में मानो रोशनी की बरसात सी हो गई। मोहल्लों में बच्चों ने मिट्टी के दीपक जलाए, वहीं महिलाओं ने घर के आंगन में सुंदर रंगोली बनाकर देवी लक्ष्मी के स्वागत की तैयारी की। मिठाई की दुकानों पर भी सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ लगी रही। लोग एक-दूसरे को मिठाइयां और उपहार देकर शुभकामनाएं देते नजर आए। आज शाम क्षेत्र में धूमधाम से दीपावली का पर्व मनाया जाएगा। लोग माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा कर सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे। पटाखा बाजार एवं नगर में चौकी इंचार्ज सुमित यादव, उप निरीक्षक कमलदीप व संजीव कुमार जगह-जगह भ्रमण कर नागरिकों से दीपावली पर शांति बनाने की अपील करते हुए सुरक्षा की दृष्टि से तैनात रहे।पटाखा बाजार में भी भारी भीड़- नगर के दशहरा मेला ग्राउंड में लगे पटाखा बाजार में भी भारी भीड़ देखने को मिली। छोटे-बड़े सभी लोग पटाखे, अनार, फुलझड़ी, रॉकेट और विभिन्न आतिशबाज़ी सामग्री खरीदने पहुंचे। पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।



## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज़्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

# शुभ दीपावली आज लक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्त

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। दिवाली पर लक्ष्मी पूजन का विशेष महत्व होता है। शास्त्रों के अनुसार लक्ष्मी पूजन प्रदोष काल में किया जाना सबसे शुभ माना गया है। इस वर्ष 20 अक्तूबर को दिवाली पर लक्ष्मी पूजा के लिए शुभ मुहूर्त रात 07 तक रहेगा। खुशियों, रौशनी, उमंग, उत्साह और सुख-सबसे बड़ा और प्रमुख प्रमुख त्योहार होता है। यह लगातार का त्योहार मनाया जाता है। इस कारण से इसे पंच पहले दिन धनतेरस, दूसरे दिन नरक चतुर्दशी, तीसरे दिन दूज मनाया जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, दिवाली हर मनाया जाता है। दिवाली पर लक्ष्मी पूजन का महत्व लक्ष्मी पूजन के साथ-साथ इस दिन भगवान गणेश, माता होता है। हर वर्ष कार्तिक माह की अमावस्या तिथि के होता है। प्रदोष काल वह समय होता है जब सूर्यास्त के सबसे उत्तम समय माना जाता है। लक्ष्मी पूजन के लिए प्रदोष काल और स्थिर लग्न में लक्ष्मी पूजन करना शुभ सिंह, वृश्चिक और कुंभ लग्न स्थिर लग्न लग्न माना जाता तिथि, प्रदोष काल और स्थिर लग्न में लक्ष्मी पूजन करने हैं। दीपावली 2025- शुभ तिथि अमावस्या तिथि प्रारम्भ - 21 अक्टूबर को शाम 05-54 दीपावली 2025-



बजकर 08 मिनट से लेकर रात 08 बजकर 18 मिनट सपन्नता का त्योहार होता है। दीपावली हिंदुओं का पांच दिनों तक चलता है जिसमें अलग-अलग तरह दीपोत्सव पर्व के नाम से जाना जाता है। दिवाली के दीपावली, चौथे दिन गोवर्धन और पांचवें दिन भैया वर्ष कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को दीपावली पर लक्ष्मी पूजन का विशेष महत्व होता है। सरस्वती और भगवान कुबेर की पूजा करने का विधान दिन प्रदोष काल में महालक्ष्मी पूजन का खास महत्व बाद के तीन मुहूर्त। यह समय लक्ष्मी पूजन के लिए स्थिर लग्न भी बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। यानी लाभों में वृद्धि और सर्वोत्तम माना जाता है। वृषभ, है। ऐसी मान्यता है कि दिवाली की रात को अमावस्या पर माता लक्ष्मी घर में अंश रूप में वास करने लगती - 20 अक्तूबर को शाम 03-44 अमावस्या तिथि समाप्त लक्ष्मी पूजा मुहूर्त (प्रदोष काल) लक्ष्मी-गणेश पूजन मुहूर्त- शाम 07-08 से 08-18 तक अवधि- 1 घंटे 11 मिनट प्रदोष काल- 05-46 से 08-18 तक वृषभ काल- 07-08 से 09 -03 तक दिवाली 2025 में लक्ष्मी पूजा का यह शुभ मुहूर्त दिल्ली के अनुसार है। देश के कई अलग-अलग शहरों में दिवाली पर लक्ष्मी पूजा करने के समय में थोड़ा अंतर हो सकता है।

## दिवाली पर मिठाई वाली कैंडल से महकेगा घर, इको फ्रेंडली लक्ष्मी-गणेश बढ़ाएंगे शोभा

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। दीपावली को लेकर बाजार गुलजार हो गए हैं। दीपोत्सव पर घरों को रोशन करने के लिए एलईडी झालरों, साउंड सेंसर लाइट्स, स्मार्ट लाइट्स, लाइट वाले झूमर और झरने वाली लाइट्स की बिक्री हो रही है। इसके अलावा लोग मिट्टी के डिजाइनर दीये और सजावटी वस्तु खरीद रहे हैं। ऐसे में बेहतर कारोबार को लेकर व्यापारी काफी उत्साहित हैं। सिविल लाइन में दुकान वाले देवल ने बताया कि इस बार




बाजार में घेवर, जलेबी, लड्डू, रसगुल्ला आदि मिठाई की मोमबत्ती बाजार में आई हुई है। जिन्हें लोग खूब पसंद कर रहे है। इसी के साथ इस बार से आए इको फ्रेंडली लक्ष्मी-गणेश देखने में बहुत आकर्षक है। घर में नकारात्मक ऊर्जा घर में प्रवेश न करे इसके लिए घरों में बंदनवार व तोरण को घर के बाहर लगाया जाता है। इस बार बाजार में राजस्थानी तोरण की बहुत मांग है। आधुनिक दौर में तोरण और लटकन अब कपड़े, मोती, मिरर वर्क और चमकदार रिबन से भी बनाए जा रहे हैं। आर्टिफिशियल फूल वाले तोरण ज्यादा पसंद किए जा रहे है। ये लटकन न केवल दरवाजों बल्कि दीवारों, खिड़कियों और मंदिरों की सुंदरता बढ़ा रहे हैं। दीपावली पर घर को सजाने के लिए झूमर, झालर और दीयों की मांग तेजी से बढ़ रही है। लोग त्योहार के मौके पर घरों को सजाने के लिए जमकर खरीदारी कर रहे है। लेकिन इस बार स्वदेशी सामान को प्राथमिकता दी जा रही है। दुकानदार अंकित ने बताया कि स्वदेशी झूमर की मांग ज्यादा है। हालांकि चाइनीज माल से यह थोड़ा महंगा है लेकिन उसके बाद भी ग्राहक उन्हें मांग रहा है। कुतुबखाने पर दीपक बेचने वाले योगेश ने बताया कि इस बार 20 रुपये के 25 मिट्टी के दीपक बेच रहे है। इसी के साथ घर सजाने के लिए फैंसी दीपकों की मांग भी ज्यादा रहती है। फैंसी दीपक 30 रुपये से शुरू हो रहे हैं।

## सीएम योगी सहित विपक्षी नेताओं ने दी दिवाली की शुभकामनाएं, अखिलेश ने किया 2027 के लिए वादा



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही विपक्षी दलों के नेता अखिलेश यादव और कांग्रेस के नेताओं ने लोगों को दीवाली की शुभकामनाएं दी हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रभु श्रीराम से प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की है। अपने शुभकामना संदेश में योगी ने कहा कि पर्व एवं त्योहार शांति, एकता व सद्भाव का संदेश देते हैं। दीपावली भारत की सनातन धर्म की परंपरा का एक महत्वपूर्ण पर्व है।मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या आगमन और रामराज के शुभारंभ की स्मृति स्वरूप आज से हजारों वर्ष पहले पूरे भरतखंड में श्रद्धालुओं द्वारा दीपमालाओं से अपने-अपने घरों को सजा करके इस पर्व को मनाना प्रारंभ किया गया था। यह हम सभी का सौभाग्य है कि उनकी पावन जन्मस्थली अयोध्या उत्तर प्रदेश में है।राज्य सरकार अयोध्या में दीपावली के आयोजन की प्राचीन और गौरवशाली परंपरा को 'दीपोत्सव' के जरिये आयोजित कर संपूर्ण विश्व को अयोध्या की महिमा से परिचित करा रही है। इसके अलावा विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी दीपावली के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने भी प्रदेशवासियों को दीपावली की बधाई दी है। हर घर तक पहुंचे दिवाली का उजाला = अखिलेश सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दीपावली की शुभकामनाओं के साथ कहा है कि हमारी यही कामना है कि सच्ची दिवाली का उजाला हर घर तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रजापति समाज के लिए हम ये संकल्प लेते हैं कि 2027 की दिवाली पर पीडीए सरकार उनके करोड़ों रुपये के दीये खरीदेगी। उन्हें इतनी आमदनी हो सके कि उनके घरों में कई महीनों तक दिवाली का प्रकाश बना रहे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार दूर के तटीय राज्य के लोगों को ये काम देकर उत्तर प्रदेश के प्रजापति समाज का हक मार रही है। हम चाहते हैं कि दीपक भी उत्तर प्रदेश के हों, बत्ती, तेल और रोशनी भी। उन्होंने गोवर्धन पूजा और भैया दूज की भी बधाई दी। कांग्रेस नेताओं ने दी दीपावली की बधाई कांग्रेस नेताओं ने प्रदेशवासियों को दीपावली की बधाई देते हुए शांति एवं सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, निवर्तमान महासचिव संगठन अनिल यादव, राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आदि ने कहा कि यह पर्व हमें हर व्यक्ति के सुख- दुख का सहभागी बनने की प्रेरणा देता है।

**खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर प्रशासन की सख्त निगरानी**

## दीपावली से पूर्व जिले में सक्रिय हुआ खाद्य सुरक्षा दल, 14 प्रतिष्ठानों से लिए गए नमूने

क्यूँ न लिखूँ सच / शिवपुरी, ब्यूरो। आगामी दीपावली एवं त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने बाजारों में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर सख्त निगरानी शुरू कर दी है। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार खाद्य एवं अपमिश्रण विभाग की टीम ने जिले के विभिन्न कस्बों में निरीक्षण अभियान चलाकर कुल 14 प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने संकलित किए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह जिला अभिहित अधिकारी (खाद्य) डॉ. संजय ऋषीश्वर ने बताया कि यह



कार्यवाही खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत की गई है। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारियों को यह समझाइश दी गई कि वे स्वच्छता, शुद्धता एवं गुणवत्ता के मानकों का पालन करें तथा किसी भी प्रकार की मिलावट से दूर रहें। आज जिन प्रतिष्ठानों से नमूने लिए गए हैं, उनमें - नरवर के गिर्राज मिष्ठान भंडार का खुला मावा एवं बेसन के लड्डू,शिवहरे दूध डेयरी शिवपुरी का खुला दही,महालक्ष्मी ट्रेडर्स शिवपुरी का सोयाबीन तेल,गुप्ता किराना पोहरी का गगन वनस्पति,मधुरम स्वीट्स शिवपुरी का मिल्क केक,प्रेम स्वीट्स शिवपुरी की मलाई बर्फी,गर्ग रेस्टोरेंट पोहरी की गुजिया,श्रीकृष्ण मिष्ठान भंडार पोहरी की मावा बर्फी,राधेश्याम मिष्ठान भंडार बदरवास की दैविक बर्फी,अमर होटल देहरदा (कोलारस) के बूंदी के लड्डू, चौरसिया मिष्ठान नरवर के बेसन लड्डू एवं दही,मान्या एंड बबले हलवाई शिवपुरी के मावा पेड़ा,वैष्णवी मिष्ठान भंडार कोलारस का मावा मिश्री,तथा मां निहाल मिष्ठान कोलारस के बूंदी लड्डू एवं मां वैष्णवी दूध डेयरी बदरवास के मावा के नमूने शामिल हैं। सभी नमूनों को खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद गुणवत्ता में दोषी पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी

## भोजपुर थाना क्षेत्र में ढांग धंसने से दो लड़कियां दबीं, एक की मौत, दूसरी गंभीर रूप से घायल

क्यूँ न लिखूँ सच / मुरादाबाद। जनपद मुरादाबाद के थाना भोजपुर के गांव मंसूरपुर में रविवार को एक दर्दनाक हादसा उस समय हुआ जब मंसूरपुर गांव की दो लडकियां कुंडे के नाले से घर में चूल्हे के लिए मिटटी खोदने के लिए गई थी तभी ढांग अचानक धंस गई। इस हादसे में दो लड़कियां मलबे के नीचे दब गईं। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को बाहर निकाला गया। मामला जनपद मुरादाबाद के थाना भोजपुर के गांव मंसूरपुर का है जहाँ पर सुबह को महरीन पुत्री कासम अली उम्र 10 वर्ष और जुलेखा पुत्री हाकम अली उम्र करीब 14 वर्ष घर में मिटटी का चूल्हा बनाने के लिए कुंडे के नाले से मिटटी लेने के लिए गई थी। जब दोनों लड़कियां ढांग के अंदर से मिटटी खोद रही थी। तभी अचानक ढांग दोनों लड़कियों के ऊपर गिर गयी। ढांग गिरने से दोनों लड़कियों ढांग में दब गई। जैसे ही खेतो में काम कर रहे किसानो ने देखा तो उन्हे फाब्डे से मिटटी हटाकर निकला गया। मलबे में दबने से महरीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी लड़की जुलेखा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल लड़की को तुरंत नज़दीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाज़ुक बताई जा रही है। इस हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। और लड़की के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। गमगीन माहौल में मृत लड़की को सुपुर्दे खाक किया गया।



### संक्षिप्त समाचार

## हत्याकांड का खुलासा चार आरोपी गिरफ्तार; जिनको नामजद किया, वह निर्दोष निकले

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली में थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने अभिषेक हत्याकांड का खुलासा कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक आरोपी के पास से हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद किया है। 15 अक्टूबर को थाना क्षेत्र के गांव रजऊ परसपुर में मेले के दौरान अभिषेक कुमार पुत्र रामकिशन पर कुछ युवकों ने चाकू से हमला कर दिया था। गंभीर हालत में अभिषेक को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता रामकिशन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक अभिषेक के दोस्त घायल विकास पुत्र लालाराम निवासी बहादुरपुर ने बताया कि घटना के दिन वह अपने साथियों अभिषेक, प्रमोद और बब्लू के साथ मेला देखने गया था। शराब की दुकान पर दीपक, गोपी, हुकुम सिंह और रौनक नाम के युवकों से उनका विवाद हो गया था। इसी रंजिश में इन युवकों ने रजऊ परसपुर मेले के पास हाईवे पर अभिषेक और विकास पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे अभिषेक की मौत हो गई और विकास घायल हो गया था। पुलिस की तफ्तीश में आरोपियों की पहचान दीपक पुत्र ईश्वरी प्रसाद, हुकुम सिंह पुत्र लाल सिंह, रौनक पुत्र शेर सिंह और गोपी पुत्र ईश्वरी प्रसाद के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। घटना में नामजद किए गए आरोपी बेदाग साबित हुए और उन्हें थाने से ही छोड़ दिया गया।



## छात्र नैंसी वर्मा एक दिन की बनी फरीदपुर की कोतवाल

